भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या †3772
दिनांक 16.07.2019/25 आषाढ़,1941 (शक) को उत्तर के लिए

एन.एस.सी.एन. (आई.एम.) के साथ वार्ता

†3772. डॉ. आर. के. रंजनः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार और एन.एस.सी.एन. (आई.एम.) के बीच पिछले 21 वर्षों या अधिक समय से वार्ता चल रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) 2015 के फ्रेम-वर्क समझौता के महत्व को स्पष्ट करते हुए अब तक अंतिम समझौता में क्या प्रगति हुई है;

(घ) क्या एन.एस.सी.एन. (आई.एम.) के साथ एम अंतिम राजनैतिक समझौते का पड़ोसी राज्यों पर प्रभाव पड़ेगा; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)

(क) से (ड.): सरकार और एनएससीएन (आईएम) के बीच वर्ष 1997 से वार्ता चल रही है। इन वार्ताओं में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। अन्य नागा समूह भी शान्ति प्रक्रिया में शामिल हुए हैं। नागा समूहों के साथ वार्ता में पड़ोसी राज्यों सहित सभी हितधारकों के हितों की रक्षा का पर्याप्त ध्यान रखा जा रहा है।

******